# नगर परिषद ने आधुनिक शौचालयों में लगी एसी उतारकर अपने कमरों में लगाई

## शौचालयों के एसी चोरी नहीं हुए हैं, वे एसी तो नगरपरिषद के कमरों को ठंडा कर रही हैं

**चूरू,** (कासं.)। मुख्यमंत्री बजट घोषणा अंतर्गत निर्मित आधुनिक शौचालयों में लगे एसी गायब हो गए हैं। पड़ताल करने पर सामने आया कि आधुनिक शौचालयों के एसी चोरी नहीं हुए हैं, वे एसी तो नगरपरिषद के कमरों को ठंडा कर रही हैं।

लोकेश ने अंडर-11 सिंगल्स एवं डबल्स दोनों वर्ग में आनंद ने अंडर-13 डबल्स में जीते गोल्ड, हैप्पी कुमारी का बोर्ड की अंडर-19 महिला चैलेंजर ट्रॉफी के लिए चयन मिली जानकारी के अनुसार 19 जनवरी 2020 को मुख्यमंत्री बजट घोषणा अंतर्गत निर्मित आधुनिक शौचालयों को शुरू किया गया था। योजना के अनुसार उनमें एसी भी लगवाए गए थे। कलैक्ट्रेट के आगे स्थित आधुनिक शौचालय में लगी 4 एसी गायब हो गई। इसी प्रकार कृषि उपज मण्डी में स्थित आधुनिक शौचालय के दरवाजे पर ताला लगा दिया गया है। यहां शौचालय का बिजली का कनेक्शन ही काट दिया गया है। इस कारण ये शौचालय लम्बे समय से बंद है। पिछले दिनों नगरपरिषद के लोग आए और वहां लगी 4 एसी को लेकर चले गए। सब्जी मण्डी थोक विक्रेता मण्डल के अध्यक्ष दौलतराम सिंधी ने बताया कि यहां पौने दो साल से आधुनिक शौचालय बंद है। इस कारण से लोगों को बहुत परेशानी हो रही है। सिंधी ने कहा कि नगरपरिषद को 10 बार अवगत करवा दिया। उसके बाद भी शौचालय को शुरू नहीं किया है। उन्होंने कहा कि नगरपरिषद वाले एसी भी ले गए हैं। यहां समिति के सचिव सुरेन्द्र कुमार बांगड़वा ने कहा कि उनकी पोस्टिंग अभी डूंगरगढ़ में है। आधुनिक शौचालय नगरपरिषद द्वारा संचालित था। नगरपरिषद ने ही बंद कर दिया है। इस संबंध में नगरपरिषद सभापति पायल सैनी ने कहा कि आधुनिक शौचालय में लगी एसी चोरी होने की शिकायत मिली थी।

इस कारण उनको उतारकर स्टोर में रखवा दिया है।वे एसी तो नगरपरिषद के विभिन्न कमरों में लगे हुए हैं। इस पर अभिलाषा सिंह ने कहा कि सरकार की चीज है, सरकार के ही पास है। वे अपने घर में लगा लेती तब गलत बात होती। कुल मिलाकर यहां सब अपने मन की करते हैं। कानून-कायदे कोई मायने नहीं रखते हैं।




**शौचालय के दरवाजे पर ताला लगा दिया गया है। यहां शौचालय का बिजली का कनेक्शन काट दिया गया है। पिछले दिनों नगरपरिषद के लोग आए और वहां लगी 4 एसी को लेकर चले गए।**

## हुकमचंद कुमावत को पी.एच.डी. की उपाधि

**बीकानेर,**(कासं)। तकनीकी विश्वविद्यालय (बीटीयू) ने इंजीनियरिंग कॉलेज बीकानेर (ईसीबी) के इलेक्ट्रिकल विभाग के शोधार्थी हुकमचन्द कुमावत को पीएचडी की उपाधि प्रदान की।

हुकमचन्द कुमावत ने ईसीबी के इलेक्ट्रिकल विभाग के सहायक प्रोफेसर डॉ महेन्द्र भादू के निर्देशन में अपना शोध कार्य पूरा किया। हुकमचंद ने पॉवर सिस्टम परफॉर्मेंस इंप्रूवमेंट यूजिंग रॉबस्ट लोड फ्रीक्वेंसी कंट्रोल तकनीक विषय पर शोध कार्य किया। कई अंतरराष्ट्रीय पत्रिकाओं ने इस शोध को मान्यता देते हुए अपने संस्करण में छापा है।

बीटीयू के कुलपति प्रो. अजय कुमार शर्मा और ईसीबी प्राचार्य डॉ. ओमप्रकाश जाखड़ ने शोधार्थी को बधाई दी। इस शोध का मुख्य उद्देश्य विद्युत लोड में परिवर्तन होने की वजह से विद्युत ग्रिड की फ्रीक्वेंसी में परिवर्तन होने लगता है। इस फ्रीक्वेंसी में परिवर्तन को कम करते हुए कंट्रोलर की सहायता से पूरे ग्रिड की फ्रीक्वेंसी में स्थिरता लाना है। अन्यथा ग्रिड की फ्रीक्वेंसी में स्थिरता नहीं लाई गई तो उसका असर बाकी सभी विद्युत उपकरणों पर पड़ेगा एवं उनकी दक्षता कम हो जायेगी।

कुमावत ने अपने रिसर्च में ऐसा कंट्रोलर तैयार किया है जिससे दो या दो से अधिक जनरेटर जब मल्टी एरिया सिस्टम में एक साथ संचार करेंगे तो उत्पन्न होने वाली समस्याओं को कम करेगा। यह कंट्रोलर सिस्टम में उत्पन्न फ्रीक्वेंसी में बार- बार होने वाले परिवर्तन को कंट्रोल करके फ्रीक्वेंसी को स्थिर रखता है।

## हत्या का मामला दर्ज

**पाटन** । पाटन थाना अन्तर्गत ग्राम पंचायत दरीबा के पास मोकलवास की ढाणी में विगत रात्रि बानसूर के युवक की पीट- पीट कर हत्या कर दी गई। जिसका मामला पाटन थाने में दर्ज हुआ है।मृतक की बहन पूजा मीणा ने पाटन थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई है जिसमें लिखा है कि मेरा भाई मुकेश मीणा पुत्र उमराव मीणा निवासी ढाणी ईसरावाली तहसील बानसूर 16 अक्टूबर को न्यौराणा गांव में आया हुआ था।

# कलेक्टर ने 88 प्रकरणों की सुनवाई की

**बीकानेर,** (कासं)। जिला स्तरीय जनसुनवाई गुरूवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई। जिला कलेक्टर नम्रता वृष्णि की अध्यक्षता में आयोजित जनसुनवाई में कोलायत विधायक अंशुमान सिंह भाटी तथा जिला प्रमुख मोडाराम मेघवाल शामिल हुए। वही मुख्य सचिव सुधांश पंत ने वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

इस दौरान 88 प्रकरणों की सुनवाई करते हुए जिला कलेक्टर ने कहा कि सभी जिला स्तरीय अधिकारी अपने विभाग से जुड़े प्रकरणों का समयबद्ध और गुणवत्तापरक निस्तारण करें और इसका जवाब भी भिजवाएं। प्रकरणों को सम्पर्क पोर्टल पर दर्ज कर जवाब अपलोड करवाया जाएं। कोलायत विधायक अंशुमान सिंह भाटी ने कहा कि अधिकारी कार्यालयों में आने वाले प्रकरणों के संबंध में त्वरित कार्यवाही करें। इससे आमजन के समय और धन की बचत हो सकेगी। जिला प्रमुख मोडाराम मेघवाल ने कहा कि जनसुनवाई में दूरदराज से आमजन अपनी परिवेदनाएं लेकर आते हैं। ऐसे में संवेदनशीलता रखते हुए त्वरित राहत दें। करीब चार घंटे तक चली जनसुनवाई के दौरान नगर निगम और नगर विकास न्यास से जुड़े मामलों के अलावा सहित गोचर, वन विभाग व चारागाह भूमि से अतिक्रमण हटवाने, साफ-सफाई करवाने, स्ट्रीट लाइट लगवाने, आवंटित प्लाट को कब्जा मुक्त करवाने, निजी कॉलोनी में पेयजल कनेक्शन, जल जीवन मिशन के तहत कनेक्शन लगाने, आरटीआई के जवाब, नामांकन दर्ज करवाने सहित अन्य प्रकरण प्रस्तुत किए गए। जिला कलेक्टर वृष्णि ने नगर निगम और नगर विकास न्यास को अपने-अपने क्षेत्रों से अतिक्रमण हटवाने की कार्यवाही प्राथमिकता से करवाने को कहा।

# बाइक सवार युवकों ने व्यापारी को चाकू मार 1.30 लाख रुपये लूटे

- **लुटेरों ने रैकी कर वारदात को अंजाम दिया, पेट और जांघ पर चाकू लगे**

**बीकानेर,** (कासं)। बाइक पर सवार दो युवक करणी औद्योगिक क्षेत्र में एक व्यापारी को चाकू मारकर उससे 1.30 लाख रूपए लूटकर फरार हो गए। व्यापारी को पीबीएम अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

गंगाशहर निवासी व्यापारी धनराज लूणिया की करणी औद्योगिक क्षेत्र में विनायक नाम से ऊन और केमिकल की फैक्ट्री है। रात को करीब 8.15 बजे वह बाइक पर फैक्ट्री से अपने घर लौट रहे थे। उनके पास रूपयों से भरा बैग था। मैन रोड पर लक्ष्मी धर्मकांटे के पास बाइक पर सवार दो युवकों ने व्यापारी को रोक लिया और बैग छीनने का प्रयास किया। इस दौरान विरोध करने पर बदमाशों ने व्यापारी पर चाकू से वार किए, जिससे वह घायल हो गए। बाइक सवार युवक व्यापारी से बैग छीनकर फरार हो गए, जिसमें 1.30 लाख रूपए थे। अस्पताल में भर्ती व्यापारी लूणिया ने बताया कि वारदात को अंजाम देकर हमलावर फरार हो गए। उसके बाद उन्होंने अपने बेटे को फोन किया और उसने फैक्ट्री में वर्कर्स को बताया।

फैक्ट्री में काम करने वाले कर्मचारी मौके पर पहुंचे और उन्हें कोठारी अस्पताल ले जाया गया। वहां से पीबीएम अस्पताल रेफर कर दिया। इत्तला मिलने मुक्ताप्रसाद थाना पुलिस, सीओ सिटी श्रवणदास संत मौके पर पहुंच गए। आशंका जताई जा रही है कि लुटेरों ने रैकी कर वारदात को अंजाम दिया है। लूणिया के परिजनों ने बताया कि उनके पेट और जांघ पर चाकू लगे हैं। चिकित्सकों ने उन्हें खतरे से बाहर बताया है। करणी इंडस्ट्रियल एरिया में करीब 460 रोड लाइट लगी हैं, लेकिन ज्यादातर बंद ही रहती हैं। अंधेरा होने से व्यापारियों को हमेशा आपराधिक वारदात होने का अंदेशा बना रहता है।

व्यापारी धनराज लूणिया की फैक्ट्री पूगल रोड पर इंडस्ट्रियल एरिया के अंतिम छोर पर है। उनके घर लौटते समय मैन रोड पर लूट की वारदात को अंजाम दिया गया है। करणी औद्योगिक क्षेत्र एसोसिएशन के अध्यक्ष महेश कोठारी का कहना है कि रीको के अधिकारियों को इस संबंध में कई बार अवगत कराया गया है। लेकिन रोड लाइट चालू नहीं की गई। पिछले दिनों संभागीय आयुक्त वंदना सिंघवी ने भी इंडस्ट्रियल एरिया का मुआयना किया और रीको के अधिकारियों को हालात सुधारने के निर्देश दिए थे।

## ट्रोमा सेंटर में हेगी विशेष सेवाएं

**बीकानेर,** (कासं)। मारवाड़ जन सेवा समिति द्वारा दीपावली के मद्देनजर पीबीएम अस्पताल के ट्रोमा सेंटर में 30 अक्टूबर से 1 नवम्बर तक विशेष सेवाएं दी जायेगी।

इस संबंध में समिति पदाधिकारियों ने गुरूवार को पीबीएम अधीक्षक डॉ. पी. के. सैनी से मुलाकात की और अनुमति के लिए पत्र दिया गया। समिति अध्यक्ष रमेश व्यास ने बताया कि समिति द्वारा गत 15 वर्षों से लगातार दीपावली पर विशेष सेवाएं दी जा रही हैं। इस बार भी समिति की टीम राउंड द क्लॉक मौजूद रहेगी। अध्यक्ष ने बताया कि दीपावली पर्व के दौरान पटाखों से जलने वाले व्यक्ति को कम से कम समय में उपचार उपलब्ध हो सके। इसके लिए समिति के सदस्यों द्वारा हरसंभव प्रयास किए जाते हैं। इस दौरान समिति के मन्नीराम सोनी, महेंद्र चावरिया, चंदन ठाकुर, कालू पांडे, डॉ. संजय बुरी आदि मौजूद थे। व्यास ने बताया कि इसमें रोटरी क्लब रॉयल्स के अध्यक्ष सुनील चमडिया का विशेष सहयोग रहेगा।

# ओली पर्व के अंतिम दिन की तप पद की पूजा

- **सबसे छोटी श्राविका नित्या ने नव पद की पूजा, जाप किया**

**बीकानेर,** (कासं)। जैनाचार्य श्री जिन पीयूष सागर सूरिश्वर म.सा. आदि ठाणा 18, साध्वीश्री विजय प्रभाश्री, प्रभंजना श्री आदि ठाणा के सानिध्य में आयोजित 81 दिवसीय 5 करोड़ नवकार महामंत्र के जाप व नवपद ओली पर्व का समापन हुआ। नवपद ओली पर्व के अंतिम दिन गुरूवार को तप पद की पूजा व वंदना की गई।

रांगड़ी चौक के सुगनजी महाराज के उपासरे में विजय प्रभा, प्रभंजना श्रीजी, सुव्रताश्रीजी, चिद्यशाश्री व कृतार्थ निधि के सानिध्य में 9 दिन तक आयम्बिल लूखा भोजन कर अलग-अलग दिनों में नव पद की पूजा, जाप करने वाली सबसे छोटी श्राविका नित्या मुसरफ सहित 50 श्रावक-श्राविकाओं व 14 मुनि व साध्वीवृंद ने तपस्याएं की। नवपद ओली पर्व प्रवचन-धर्म चर्चा में बीकानेर के मुनि सम्यक रतन सागर महाराज ने तप पद का विस्तृत विवेचन किया। साध्वी श्री प्रभंजना ने श्रीपाल मैना सुंदरी के कथानक सुनाया।

श्री सुगनजी महाराज का उपासरा ट्रस्ट एवं श्री जिनेश्वर युवक परिषद के संयुक्त तत्वावधान में 81 दिवसीय नवकार महामंत्र का जाप का समापन गुरूवार को हुआ। नवकार महामंत्र के जाप के कार्ड शुक्रवार को कोठारी भवन स्थित कार्यालय में जमा करवाए जा सकेंगे। श्री जिनेश्वर युवक परिषद के अध्यक्ष मुसरफ ने बताया गया कि नवकार महामंत्र जाप की पूर्णाहुति पर 20 अक्टूबर को 9 लक्की ड्रा निकाले जायेंगे। लक्की ड्रा के 9 विजेताओं के साथ सभी जाप करने वाले आराधकों का बहुमान किया जायेगा।

# दो लाख की नकदी व जेवर चोरी

- **झझू गांव की रोही में भंवर राम जाट की ढाणी में चोरी की वारदात**

**बीकानेर,** (कासं)। शहर के बाद अब गांवों में चोरों ने उत्पात मचाना शुरू कर दिया है। पिछले 24 घंटे में ग्रामीण क्षेत्र के दो थानों में चोरी के मामले दर्ज हुए हैं, जिसमें कोलायत में बड़ी चोरी को अंजाम दिया गया है। वहीं नाल गांव में भी चोरों ने हाथ साफ किया है। दोनों ही मामलों में पुलिस ने छानबीन शुरू कर दी है।

कोलायत थाने के झझू गांव की रोही में भंवर राम जाट की ढाणी में चोरी हुई है। भंवरराम ने पुलिस को रिपोर्ट दी है। रिपोर्ट में बताया कि देर रात करीब 12 बजे बाद उसकी ढाणी में चोर ने घुसकर एक लाख 90 हजार रूपए नगद चोरी कर लिए। इसके अलावा लाखों रूपए के गहने भी चोरी कर लिए जिसमें अधिकांश गहने महिलाओं के थे। गहनों की लिस्ट भी पुलिस को सौंपी गई है। पुलिस ने चोरी का मामला दर्ज करते हुए छानबीन शुरू की है। मामले की जांच हैड कांस्टेबल सुगनाराम को सौंपी गई है। उधर नाल गांव में भी चोरी हुई है। यहां चोर सोने-चांदी के जेवरात के साथ फ्रीज भी उठाकर ले गए। कल्पना धौल ने पुलिस को दी रिपोर्ट में कहा है कि उसके घर का ताला तोड़कर चोर फ्रीज, तीन गैस सिलेंडर, कानों के झुमके और पांच हजार रुपए नगद चोरी हो गए।

## सालासर के लिए डाक ध्वजा रवाना

**अनूपगढ़,** (कासं)। आरसीपी कॉलोनी स्थित हनुमान मंदिर से गुरूवार को डाक ध्वजा लेकर सालासर के लिए रवाना हुए। डाक ध्वजा 51 घंटे में सालासर पहुंचेगी जहां बालाजी के मंदिर में धोक लगाकर क्षेत्र की खुशहाली की प्रार्थना की जायेगी।

अनूपगढ़ में श्री हनुमान नाट्य कला केन्द्र द्वारा प्रतिवर्ष रामलीला का आयोजन किया जाता है। रामलीला के समापन के बाद संस्था के कार्यकर्ता सालासर के लिए डाक ध्वजा लेकर जाते हैं। इस वर्ष भी रामलीला के समापन के बाद गुरूवार को श्री हनुमान नाट्य कला केन्द्र के कार्यकर्ता अनूपगढ़ की आरसीपी कॉलोनी स्थित हनुमान मंदिर से डाक ध्वजा लेकर सालासर के लिए रवाना हुए। इस वर्ष 17 हनुमान भक्त डाक ध्वजा लेकर यात्रा पर निकले हैं।

# हिस्ट्रीशीटर सहित 3 बदमाश गिरफ्तार, 33 ग्राम हेरोइन मिली

- **तीनों के खिलाफ अलग-अलग धाराओं और थानों में 28 मामले दर्ज हैं**

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। जिले की श्रीकरणपुर थाना पुलिस ने एक हिस्ट्रीशीटर सहित 3 बदमाशों को कार में 33 ग्राम हेरोइन ले जाते पकड़ा। यह हेरोइन तीनों बदमाशों के पास अलग-अलग मात्रा में पुड़िया के रूप में रखी थी।

पुलिस को श्रीकरणपुर के पदमपुर रोड पर भारत माला अंडरब्रिज के पास बदमाशों के हेरोइन लाने की सूचना मिली। इस पर कार्रवाई करते हुए तीनों बदमाशों को धर दबोचा गया। तीनों बदमाश पहले भी कई आपराधिक मामलों में लिप्त रहे हैं। तीनों के खिलाफ अलग-अलग धाराओं और थानों में 28 मामले दर्ज हैं। आरोपियों में से एक श्रीगंगानगर के सदर थाने का हिस्ट्रीशीटर भी है। आरोपियों की कार पुलिस ने जब्त कर ली है। कार में एक गंडासा, 2 लोहे की रॉड और डंडा भी बरामद हुआ है। इसके अलावा कार में नशे के उपयोग से जुड़ा कुछ अन्य सामान भी मिला है।

पुलिस को श्रीकरणपुर इलाके में 3 बदमाशों के कार में हेरोइन लाने की सूचना मिली थी। इस पर श्रीकरणपुर की पदमपुर रोड पर सफेद रंग की कार को रोका गया। पुलिस ने तलाशी ली तो कार में सवार सदर थाना क्षेत्र के गांव मोहनपुरा के रहने वाले जसनदीप सिंह (32) पुत्र बलजिंद्र सिंह, गौरव (21) पुत्र मनदीप सिंह और गांव 41 एफ के बलराज सिंह (25) पुत्र जसकरण सिंह के पास अलग-अलग मात्रा में यह हेरोइन मिली। जसनदीप सिंह के पास 12 ग्राम, बलराज सिंह के पास 11 ग्राम और गौरव के पास 10 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। कार की तलाशी ली तो इसमें एक गंडासा, 2 लोहे की रॉड और एक डंडा बरामद हुआ। जसनदीप के खिलाफ 10 मामले दर्ज हैं। गौरव के खिलाफ सात और बलराज के खिलाफ 11 मामले पूर्व में दर्ज है। मामले की जांच गजसिंहपुर एसएचओ राकेश सांखला को दी गई है।

# विद्यार्थी पढ़ाई के साथ खेलकूद में भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लें : देवाराम सैनी

- **कृषि महाविद्यालय में खेलकूद व सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रतियोगिता का शुभारंभ**

**बीकानेर,** (कासं)। स्वामी केशवानंद राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय के अंतर्गत कृषि महाविद्यालय में तीन दिवसीय खेलकूद एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रतियोगिता का गुरूवार को शुभारंभ हुआ।

खेल स्टेडियम में आयोजित शुभारंभ समारोह के मुख्य अतिथि कुलसचिव डॉ देवाराम सैनी और विशिष्ट अतिथि वित्त नियंत्रक राजेन्द्र कुमार खत्री थे। अतिथियों ने मार्च पास्ट की सलामी ली और खेलों का शुभारंभ किया। इस अवसर पर समारोह को संबोधित करते हुए कुलसचिव डॉ देवाराम सैनी ने कहा कि विद्यार्थीगण पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद गतिविधियों में भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लें। इससे मानसिक व शारीरिक स्वास्थ्य अच्छा रहता है। साथ ही कहा कि खेलों को खेल की भावना से खेलें।



**कृषि महाविद्यालय में खेलकूद प्रतियोगिता में खिलाड़ियों से हाथ मिलाकर परिचय प्राप्त करते रजिस्ट्रार देवाराम सैनी।**

जीत हार एक ही सिक्के के दो पहलू हैं। हारने पर निराश होने की बजाय उससे सीख लेकर आगे बढ़ें। वित्त नियंत्रक राजेन्द्र कुमार खत्री ने कहा कि खेलों में सभी खिलाड़ी पूरे उत्साह के साथ हिस्सा लें। खूब मेहनत करें और खेलों का पूरा मजा लें। जीत हार ज्यादा मायने नहीं रखती।

विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा छात्र छात्राओं को खेल सुविधाएं उपलब्ध करवाने में कोई कोताही नहीं बरती जायेगी। छात्र कल्याण निदेशक डॉ निर्मल सिंह दहिया ने कहा कि विद्यार्थी अगर पढ़ाई के साथ साथ किसी खेल को भी अपनायेंगे तो वे जीवन के सभी क्षेत्रों में ज्यादा अच्छा परफॉर्म कर पायेंगे। कृषि महाविद्यालय अधिष्ठाता डॉ पी. के. यादव ने कहा कि कुलपति डॉ अरूण कुमार के मार्गदर्शन में और उनके प्रोत्साहन से खेलकूद प्रतियोगिता का शानदार आयोजन किया जा रहा है।

## पिस्तौल सहित गिरफ्तार

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। शहर के श्यामनगर इलाके की यूआईटी कॉलोनी के रहने वाले एक युवक को पुलिस ने गुरूवार को मिर्जेवाला फाटक के पास गिरफ्तार किया।

युवक पिस्तौल लेकर अपने कुछ विरोधी गुट के युवकों से बदला लेने के लिए घर से निकला था। पुलिस को युवक के पास पिस्तौल और कारतूस होने की सूचना मिली थी। इस पर पुरानी आबादी थाने के हैड कांस्टेबल कमलेश कुमार ने उसे गिरफ्तार किया।

कमलेश कुमार ने बताया कि युवक यूआईटी कॉलोनी निवासी रोहित पुत्र राजेश का अपने विरोधी गुट के कुछ लोगों से झगड़ा था। वह बदला लेना चाहता था। इसके चलते वह अपने साथ अपने एक परिचित नाबालिग को लेकर मोटरसाइकिल पर रवाना हुआ था। उसने अपने पास एक देसी पिस्तौल और कारतूस रख लिया। वह मिर्जेवाला फाटक के पास ही पहुंचा था कि पुलिस टीम ने उसे रोक लिया। उसकी तलाशी ली तो उसके पास पिस्तौल व कारतूस बरामद हुआ।

## सार-समाचार

### पशुओं का उपचार कर दवा बांटी



**पशु स्वास्थ्य शिविर एवं कृषक वैज्ञानिक गोष्ठी में डॉ. आर. के. सावल ने पशुपालकों को जानकारी दी।**

**बीकानेर,** (कासं)। राष्ट्रीय उष्ट्र अनुसंधान केन्द्र बीकानेर द्वारा खींचिया गांव में पशु स्वास्थ्य शिविर एवं कृषक वैज्ञानिक गोष्ठी का आयोजन किया गया। केन्द्र की अनुसूचित जाति उप-योजना तथा केन्द्र में चल रहे विशेष स्वच्छता अभियान के तहत आयोजित इस गतिविधि में खींचिया व आस-पास क्षेत्र के 131 पशुपालकों ने सहभागिता निभाई। कैम्प के तहत 84 गाय, 36 ऊंट, 19 भैंस तथा भेड़-बकरी 207 का उपचार कर दवाओं का वितरण किया गया। पशुपालकों को स्वच्छता के महत्व के प्रति विशेष प्रोत्साहित किया गया। इस अवसर पर केन्द्र के निदेशक डॉ.आर.के.सावल ने पशुपालकों से बातचीत के दौरान कहा कि पशुपालन व्यवसाय को लाभदायक बनाने हेतु इसका भलीभांति प्रबंधन अत्यंत जरूरी पहलू है। इस हेतु संतुलित आहार, खनिज मिश्रण, लवण आदि का उचित मात्रा में प्रयोग किया जाना चाहिए। इससे पशुओं का स्वास्थ्य ठीक रहेगा साथ ही दूध उत्पादन में वृद्धि होगी जिससे पशुपालन लाभदायक हो सकेगा। केन्द्र के डॉ. काशीनाथ, मुख्य पशु चिकित्सक ने पशुओं में अंत: व बाह्य परजीवी के प्रभावी नियंत्रण के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इन पर नियंत्रण से पशुओं का स्वास्थ्य व प्रजजन क्षमता में सुधार होगा जिससे पशुओं की उत्पादन क्षमता में बढ़ोतरी हो सकेगी। साथ ही शिविर के दौरान लाये गए पशुओं को परजीवी नाशक दवा पिलाई गई। खींचिया गांव के सरपंच प्रतिनिधि मो.लतीफ ने एनआरसीसी द्वारा आयोजित इस शिविर के लिए आभार व्यक्त किया तथा आशा जताई कि इससे पशुपालकों को अधिकाधिक लाभ पहुंचेगा। शिविर में पशुपालकों को करभ पशु आहार, खनिज लवण मिश्रण, लवण बट्टिका एवं पशुओं को पानी पिलाने के लिए बाल्टियों का वितरण किया गया।

### वाल्मीकि संत-महंतों का सम्मान




**वाल्मीकि प्रगट उत्सव पर 11 वाल्मीकि समाज के वरिष्ठ संत-महंतों का सम्मान किया।**

**बीकानेर,** (कासं)। वाल्मीकि यूथ क्लब के प्रदेश अध्यक्ष राहुल जादुसंगत ने बताया कि वाल्मीकि प्रगट उत्सव का मुख्य कार्यक्रम स्थानीय नरेन्द्र सिंह ऑडिटोरियम में बड़ी धूमधाम से मनाया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम अतिथियों ने रामायण रचयिता वाल्मीकि दयावान के तैल चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए। वाल्मीकि यूथ क्लब के शहर अध्यक्ष साजन कुमार जावा ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा नेता सुरेन्द्र सिंह शेखावत ने कहा कि समाज को आगे बढ़ाने के लिए हमें नशाखोरी से दूर रहना चाहिए। युवा पीढ़ी को शिक्षा से जुड़कर समाज को आगे बढ़ाना चाहिए। पंडित संतोषानंद सरस्वती, कांग्रेस नेता नंदलाल जावा, कार्यक्रम के अध्यक्षता समाज के वरिष्ठ नेता शिवलाल तेजी ने की। वाल्मीकि यूथ क्लब के प्रदेश अध्यक्ष राहुल जादुसंगत आदि अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए। वाल्मीकि यूथ क्लब के प्रदेश अध्यक्ष राहुल जादुसंगत ने कहा कि समाज के वरिष्ठ संत महंत समाज की आध्यात्मिक और सामाजिक परंपरा को कायम रखते हैं। आज इनकी शिक्षा से ही समाज के सामाजिक कार्यक्रम बड़े ही धूमधाम से आयोजित किए जाते हैं। वाल्मीकि यूथ क्लब के प्रदेश महासचिव सुनिल चांवरिया ने कहा कि मंच पर विराजमान सभी अतिथियों ने कहा कि समाज का उत्थान शिक्षा से होगा। कार्यक्रम का सफल संचालन श्याम निर्मोही द्वारा किया गया। वाल्मीकि यूथ क्लब के शहर अध्यक्ष साजन कुमार जावा ने सभी युवा ने संकल्प लिया कि समाज को युवा को नशाखोरी से दूर करेंगे जिससे समाज आगे बढ़ेगी। वाल्मीकि यूथ क्लब शहर अध्यक्ष साजन कुमार जावा, श्रवण कुमार धारू, विजय पंडित, सौहार्द वाल्मीकि, राकेश पंडित, राहुल बिंवाल, तुलसीराम चांवरिया, तरूण पंडित,सोनू बारासा, वाल्मीकि समाज के वरिष्ठ जन हरिप्रकाश वाल्मीकि, प्रहलाद बारासा, विनोद चांवरिया, हीरालाल तेजी, महेश जावा, रोहित पंडित, मुकुल वाल्मीकि, पूनम कंडारा, मिथुन चांवरिया, चंद्रप्रकाश पंडित, ऋषिराज चांवरिया, भगवान दास पंडित, दिलीप पांडे, चंद्रप्रकाश सियोता आदि मौजूद थे।

**कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर**

क्रमांक :- LU2012/SGN/2024-25/101070 **लोक सूचना** दिनांक : 09.10.2024

मैसर्स केदार कण्ठा कोल्ड स्टोर जरिये अधिकृत पार्टनर श्रीमती पूनम पत्नी श्री पवन गर्ग निवासी 22-सी कॉलोनी, गणगौर नगर, श्रीगंगानगर ने इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का व्यावसायिक (औद्योगिक) प्रयोजनार्थ के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात् :-

| क्र.सं. | ग्राम तहसील व जिले का नाम | खातेदार का नाम | खसरा सं./भूमि का विवरण | क्षेत्रफल (हैक्टेयर) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | चक 1 एमएल तहसील व जिला श्रीगंगानगर | मैसर्स केदार कण्ठा कोल्ड स्टोर जरिये अधिकृत पार्टनर श्रीमती पूनम पत्नी श्री पवन गर्ग | चक 1 एमएल मुरब्बा नं. 14 के किला नं. 21/1 में 0.1686 है. किला नं. 22/2 में 0.1686 है. यथाकुल 0.3372 हैक्टे. | कुल 0.3372 हैक्टेयर |

इसलिए, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर एसएसओ आईडी से लॉग इन कर 90-A For Development Authority (UDH) आईकॉन पर जाकर समर्थक दस्तावेज को अपलोड कर अपना आक्षेप दर्ज कर सकते है। उपर्युक्त नियम समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तद्नुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज 19.10.2024 को जारी की गयी।

- प्राधिकृत अधिकारी, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर

**राजस्थान आवासन मण्डल**
**RAJASTHAN HOUSING BOARD**
(राज.आवा.मण्डल अधिनियम 1970 के तहत गठित राज्य सरकार का उपक्रम)
( A State Government Enterprise Constituted Under RHB Act 1970)
वृत-बीकानेर, **Circle-Bikaner**

क्रमांक:-उआआ/आरएचबी/बीका/2024-25/656 दिनांक :- 17.10.2024

**आम सूचना**

राजस्थान आवासन मण्डल की सामान्य पंजीकरण योजना -1978 में चालान संख्या 11864 द्वारा रूपये 1800/- जमा करवाकर श्रीमति स्वदेश खन्ना-पत्नि श्री बाल किशन खन्ना ने आवास आवंटन हेतु पंजीकरण करवाया था। आवंटी को आवास सं.02-ई-11 पवनपुरी योजना, बीकानेर का कुल क्षेत्रफल 209.10 वर्गमीटर का आवंटन पत्र क्रमांक 12633 दिनांक 08.07.1982 को जारी किया गया था। मूल आवंटी श्रीमति स्वदेश खन्ना पत्नि श्री बाल किशन खन्ना के नाम मण्डल रिकॉर्ड के अनुसार दिनांक 31.10.1990 कन्वेशडीड/परिपिज्युल को जारी कर दी गई थी। उक्त आवास उप पंजीयन कार्यालय बीकानेर में दिनांक 03.11.1990 को पंजीकृत हैं।

तद्श्चात श्रीमति स्वदेश खन्ना पत्नि श्री बाल किशन खन्ना ने उक्त आवास गिफ्ट डीड के माध्यम से श्री वैभव खन्ना पुत्र श्री बालकिशन खन्ना को किया गया। उक्त गिफ्ट डीड उप पंजीयन कार्यालय बीकानेर से दिनांक 14.07.2015 से पंजीकृत हैं।।

श्री वैभव खन्ना पुत्र श्री बालकिशन खन्ना ने समस्त पंजीयन प्रपत्रों की सत्यापित छायाप्रति, निर्धारित शुल्क की रसीद जमा करवाकर मण्डल रिकार्ड में अपना नाम दर्ज करने हेतु आवेदन किया है। श्री वैभव खन्ना पुत्र श्री बालकिशन खन्ना का नाम मण्डल रिकार्ड में दर्ज करने की कार्यावाही विचाराधिन है। यदि किसी व्यक्ति/हितकारी को कोई आपत्ति हो तो अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में 10 दिवस में अपनी आपत्ति लिखित में प्रस्तुत करे अन्यथा यह मानते हुए की मण्डल रिकार्ड में नाम दर्ज करने में किसी को कोई आपत्ति नहीं है, श्री वैभव खन्ना पुत्र श्री बालकिशन खन्ना का नाम मण्डल रिकार्ड में दर्ज कर लिया जाएगा। यदि उक्त आवास में उनके वारिसों एवम् अन्य कोई भी व्यक्ति द्वारा न्यायालय/पुलिस थाना में किसी भी प्रकार का कोई वाद-विवाद पाया गया तो आवंटी स्वयं जिम्मेदार होगा।

सहायक आवासन अधिकारी
राजस्थान आवासन मण्डल
वृत्त बीकानेर